प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना
आयुष्मान भारत
PM-JAY

SACHIS

स्वास्थ्य का सुपर हीरो

स्टेट हेल्थ एजेंसी फॉर कॉम्प्रेहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज (साचीज़)

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना
आयुष्मान भारत
PM-JAY

Chapter-1

आयुष मैन ने दी रोशनी



इनकी हालत बहुत खराब हो रही है। धीरे-धीरे इनकी नज़र कमज़ोर हो रही है, डॉक्टर से इलाज करवाना पड़ेगा।

इलाज करवाने में बहुत पैसा लगेगा और उस बीच में घर कैसे चलेगा।

आयुष मैन

सीमा दीदी चिंता मत करिए मैं आ गया हूँ आपकी मदद के लिए।
आयुष मैन

आप कौन हैं?
मैं जो आपकी समस्या का समाधान लाया हूँ।
आयुष मैन

समाधान वो कैसे?
पहले यह बताइए कि आपने कभी आयुष्मान कार्ड के लिए पात्रता की जांच की है?
आयुष मैन

आयुष्मान कार्ड? यह क्या होता है?
इस कार्ड की मदद से आपके पति का इलाज पूरी तरह मुफ़्त होगा और इसका लाभ केवल पात्र लाभार्थियों को ही मिलता है।
आयुष मैन

क्या यह सही बोल रहा? ऐसा सही में हो सकता है क्या?
मुझे पता है आप क्या सोच रही पर यह सच बात है। चलिए देखते हैं कि आप पात्र हैं या नहीं।
आयुष मैन

"आप पात्र हैं"
आयुष मैन

क्या सच में?
हाँ! अब सारा इलाज पूरी तरह मुफ़्त होगा और आपके पति को अच्छा दिखाई देगा।
आयुष मैन


डियर आयुष मैन तुम्हारी वजह से मुझे अपने पति के स्वास्थ्य और परिवार की आजीविका में से किसी एक को नहीं चुनना पड़ रहा है। तुम्हारे होने से मेरा परिवार भी खुश है और मुफ़्त इलाज भी हो गया।
धन्यवाद .....
तुम्हारी सीमा मौसी

Chapter-2

पात्रता जाँचें चुटकियों में!

अरे! मैंने सुना है कि सीमा के पति के इलाज के लिए उन्हें 5 लाख रुपए तक का हेल्थ कवरेज मिला है।
हाँ, सुना तो मैंने भी है, लेकिन कैसे?
भारत सरकार द्वारा लायी हुई कोई योजना है, जिसके कारण मुफ़्त इलाज हुआ।
योजना? कौन सी योजना?
आयुष्मान भारत योजना। इस योजना के तहत पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनता है, जिसकी मदद से उन्हें 5 लाख रुपए तक का हेल्थ कवरेज मिलता है।
लेकिन पता नहीं, आयुष्मान कार्ड कैसे बनता है...
धड़ाम!
आपके सवाल का जवाब मेरे पास है, गीता बहन! मैं हूँ आयुष मैन। चलो, आपको दिखाता हूँ कि कैसे बनता है आयुष्मान कार्ड।
आयुष मैन

प्ले स्टोर से आयुष्मान ऐप डाउनलोड करें और बेनिफिशियरी चुनकर अपने मोबाइल नंबर से लॉग इन कर ओ टी पी से वेरीफाई करें
आयुष मैन

अब आपके सामने दूसरा पेज खुलेगा जिसमें आपको स्कीम, सबस्कीम, अपना स्टेट और डिस्ट्रिक्ट चुनकर लाभार्थी का आधार नंबर भरना होगा। फिर सर्च के आइकॉन पर टैप करें।
अगर आप पात्र हैं, तो आपका नाम स्क्रीन पर दिखेगा। चलिए, आप दोनों खुद से अपनी पात्रता जांचें।
आयुष मैन

अगर आप लोगों को कोई समस्या होती है, तो मैं आपसे फिर मिलूंगा। मेरे अलावा, आप 1800-1800-4444 पर भी संपर्क कर सकते हैं।
आयुष मैन

Chapter-3

झगड़े-झगड़े में खुला वय वंदना का राज़

मेरी दादी की सेहत सही रहे इसलिए में रोज़ उनके लिए हल्दी वाला दूध बनाती हूँ।
ओहो! सिर्फ दूध देना ही काफ़ी नहीं होता। मैं तो हर रविवार अपनी दादी के घुटनों की तेल मालिश भी करता हूँ।
तो? मैं भी रोज़ उनके साथ समय बिताती हूँ, बातें करती हूँ। देखा, मैं कितना ख्याल रखती हूँ।
नहीं! मैं ही ज़्यादा ख्याल रखता हूँ अपनी दादी का!
मैं ज़्यादा रखती हूँ!
FIGHT!

तुम लोग
क्यों झगड़ रहे हो?
आयुष
मैन

आप...
आप तो आयुष
मैन हैं न?
आयुष
मैन

हाँ, मैं वही हूँ।
रानी बोल रही है कि वो
मुझसे ज़्यादा अपनी दादी
का ख्याल रखती है।
लेकिन मैं अपनी दादी का
ज़्यादा ख्याल रखता हूँ।
आयुष
मैन

हाँ, तो मैं सही बोल
रही हूँ क्योंकि मैं रखती हूँ
ज़्यादा ख्याल।
मैं बोल रहा न
कि मैं ज़्यादा ख्याल
रखता हूँ!
आयुष
मैन

नहीं-नहीं, मैं अपनी
दादी का तुमसे भी ज़्यादा
रखती हूँ।
आयुष
मैन

देखो, तुम दोनों ही बहुत ख्याल रखते हो लेकिन ज्यादा ख्याल वो रखता है जिसने अपनी दादी दादा का आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनवाया होगा
आयुष मैन

आयुष्मान वय वंदना कार्ड? यह क्या होता है?
आयुष मैन

वय वंदना कार्ड उन लोगों के लिए है, जिनकी उम्र 70 वर्ष या उससे ज़्यादा है।
और इस कार्ड से क्या होता है?
आयुष मैन

यह वही कार्ड है क्या, जिससे दादी अपने घुटनों के दर्द से लड़ सकती हैं?
आयुष मैन

हाँ, इस कार्ड से उन्हें सालाना 5 लाख रुपये तक का मुफ़्त हेल्थ कवरेज मिल सकता है। और गंभीर से गंभीर बीमारी का इलाज़ मिलता हैं
अगर ऐसा है, तो मैं आज ही उनका कार्ड बनाता हूँ ताकि जल्द से जल्द उनका इलाज हो सके।
आयुष मैन

हाँ, और मैं भी बनाउंगी।
पर मेरा सवाल है कि
वय वंदना कार्ड कैसे बनेगा?
आयुष
मैन

बहुत आसान है राहुल!
सबसे पहले प्ले स्टोर से
आयुष्मान ऐप डाउनलोड
करो।
फिर क्या करें?
आयुष
मैन

मैं तुम लोगों को स्टेप्स बता रहा हूँ, ध्यान से सुनना।
आयुष
मैन
Am I Eligible ?
आयुष्मान ऐप में
"Beneficairy"
चुनकर मोबाइल नंबर
से लॉग इन करें ।
"Click here to enroll"
पर टैप करें ।
Search For Beneficiary
आधार नंबर और कैप्चा
भरकर सर्च पर टैप करें ।
यदि आपका नाम सूची में नहीं
दिख रहा है तब आपको
"Click here for fresh
enrollment of 70"
पर क्लिक करना है ।
"eKYC करें और
वय वंदना कार्ड
डाउनलोड करें

रानी और राहुल,
तुम लोगों को समझ आ
गया न? अब तो
नहीं लड़ोगे न, तुम दोनों?
आयुष
मैन

हाँ, आयुष मैन!
यह जानकारी हम अपने और
दोस्तों को भी बताएँगे।
आयुष
मैन

Chapter-4

मंत्र जपो, सुपर हीरो को बुलाओ!

तुमने आयुष मैन के बारे में सुना है न, भाई? आजकल पूरे गाँव में इसके बारे में बहुत सुनने को मिल रहा है।
हाँ! मैंने भी सुना है। आयुष मैन हमारे गाँववालों के लिए फरिश्ता बनकर आया है, जो भारत की सबसे बड़ी नि:शुल्क सरकारी स्वास्थ्य योजना के बारे में लोगों को जागरूक कर रहा है।
हाँ, यह बात सही है कि वो फरिश्ता है। यह बताओ, क्या आयुष मैन को बुलाने का कोई मंत्र-वंत्र है?
क्यों, क्या हुआ?
अरे, मुझे उससे पूछना है कि क्या आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सभी अस्पतालों में इलाज मिलता है?
तुम पात्र हो क्या?
हाँ, मैंने चेक किया था। गीता है न, उसने बताया मुझे कि पात्रता कैसे चेक करते हैं।
ओ, ऐसा क्या! वैसे एक मंत्र है...

"हे आयुष मैन,
बीमारी से लड़ने की करनी है तैयारी,
क्योंकि स्वास्थ्य है मेरा हक़, नहीं है कोई उधारी।
चाहिए साथ तुम्हारा,
ताकि आयुष्मान भारत योजना बने मेरा सच्चा साथी!"



तो आप हैं आयुष मैन! मुझे आपकी सहायता चाहिए।
आयुष मैन

हाँ, बताइए, मैं आपकी क्या सहायता कर सकता हूँ?
आयुष मैन

क्या आयुष्मान भारत योजना से सभी अस्पतालों में मुफ़्त इलाज मिलता है?
आयुष मैन

नहीं, ऐसा नहीं है। सिर्फ सूचीबद्ध अस्पतालों में ही इलाज मिलता है, जिनमें सरकारी और निजी दोनों प्रकार के अस्पताल शामिल हैं।
अच्छा! तो मैं कैसे पता कर सकता हूँ कि कौन-सा अस्पताल सूचीबद्ध है और कौन-सा नहीं?
आयुष मैन

https://ayushmanup.in/
पर जाकर आप सूचीबद्ध अस्पतालों
की पूरी सूची देख सकते हैं।
आयुष
मेन

अच्छा,
ठीक है! लेकिन क्या आप
मुझे विस्तार से बता सकते हैं?
आयुष
मेन

हाँ, ज़रूर। इस लिंक पर जाने के बाद आपके सामने
स्क्रीन आएगी, जिसके हेडर में आपको "Hospitals"
ऑप्शन दिखेगा। जैसे ही आप उस पर जाएंगे, एक
ड्रॉप-डाउन आएगा जहाँ "Empanelled Hospital
List" ऑप्शन पर आपको क्लिक करना है।
उसके बाद?
आयुष
मेन

उसके बाद दी हुई जानकारी भरें —
जैसे कि स्टेट, डिस्ट्रिक्ट, हॉस्पिटल टाइप,
स्पेशलिटी आदि। फिर कैप्चा भरें और
"Search" ऑप्शन पर क्लिक करें।
उसके बाद सूचीबद्ध
अस्पताल की सूची
आ जाएगी?
आयुष
मेन

हाँ! ऐसे ही रामू, आप आसानी से सूची पता कर सकते हैं।
सूची जानने की यह प्रक्रिया आप दूसरों को भी बताएं,
ताकि उन्हें भी इसकी जानकारी मिल सके।
धन्यवाद, आयुष मैन!
मैं ज़रूर यह जानकारी सब
लोगों को दूँगा।
आयुष
मेन

पण्डित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना

उत्तर प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है जो सरकारी सेवकों एवम् सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करती है। इस योजना में लाभार्थी के आश्रित भी शामिल हैं।

योजना की मुख्य विशेषताएं

- हेल्थ कवरेज
- आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत 5 लाख का निःशुल्क उपचार राज्य के निजी अस्पतालों में उपलब्ध
- बिना किसी वित्तीय सीमा के उत्तर प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में कैशलेस उपचार
- संपूर्ण भारत में आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत आबद्ध निजी अस्पतालों में उपचार की सुविधा
- पे बैंड के अनुसार वार्डों का वर्गीकरण

दूसरी और चौथी मंजिल, नवचेतना केंद्र, 10 अशोक मार्ग, हजरतगंज,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश 226001

1800-1800-4444 / 14555